देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 171 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...नवंबर में शिखर बैठक



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 8 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 जंग के लिए तैयार रहे पाकिस्तानी सेना

7 आर्चर ने फेंकी हार्दिक पंड्या को बीमर

## संक्षिप्त समाचार

### 28 दिन बाद जेल से रिहा होंगी रिया चक्रवर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। ड्रग चौट केस में बॉलिवुड ऐक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को लगभग 1 महीने बाद बॉम्बे हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग्स के ऐंगल से जांच कर रही एनसीबी ने रिया को 8 सितंबर को गिरफ्तार किया था। हालांकि अपने फैसले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने रिया के भाई शौविक चक्रवर्ती को जमानत नहीं दी है। रिया को साथ ही सुशांत के स्टाफ रहे सैमुअल मिरांडा और दीपेश सावंत को भी जमानत दे दी गई है। रिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने शौविक चक्रवर्ती और कथित ड्रग पेडलर अब्दुल बासित परिहार को बेल नहीं दी है।

### देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 67,57,131 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 72,049 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बुधवार को बढ़कर 67,57,131 हो गई, जिनमें से 57,44,693 लोगों के संक्रमणमुक्त होने के बाद स्वस्थ हुए लोगों की दर 85.02 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 67,57,131 हो गई, जबकि 986 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,04,555 हो गई।

### चाइना को 15 मिनट में बाहर उठाकर फेंक देते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ तनाव के मुद्दे पर लगातार मोदी सरकार पर हमलावर हैं। मई में तनाव की शुरुआत के बाद से ही वह भारत की जमीन पर चीन के कब्जा के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को कायर करार देते हुए दावा किया है कि अगर उनकी सरकार होती तो 15 मिनट नहीं लगते चाइना को उठाकर फेंकने में। उनके इस दावे के बाद सोशल मिडिया खासकर ट्विटर पर अक्साई चिन ट्रेंड करने लगा है।

# सड़क रोककर प्रदर्शन करना गलत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विरोध प्रदर्शन एक सीमा तक हों, अनिश्चितकाल तक नही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के शाहीन बाग में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर और नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में चले विरोध–प्रदर्शन के दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर बैठी भीड़ को हटाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला दे दिया है। बुधवार को अपने अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विरोध प्रदर्शन एक सीमा तक हों, अनिश्चितकाल तक नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि धरना–प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक स्थलों को नहीं घेरा जाए। इसी के साथ दिल्ली पुलिस को शाहीन बाग इलाके को खाली कराने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। बता दें कि अब वहां पर धरना–प्रदर्शन खत्म हो चुका है।

गौरतलब है कि CAA और NRC के खिलाफ तकरीबन 100 दिनों तक प्रदर्शनकारी शाहीन बाग में मुख्य सड़क पर कब्जा कर धरना पर बैठे थे। इस धरने के खिलाफ वकील अमित साहनी और दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक नंदकिशोर गर्ग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। यहां पर बता दें कि कोरोना संक्रमण के दौरान शुरू हुए लॉकडाउन शाहीन बाग से प्रदर्शनकारियों की भीड़ को हटा दिया गया था। इसके खिलाफ याचिकाकर्ताओं को उम्मीद है कि कोर्ट भविष्य में सड़क रोक कर प्रदर्शन किए जाने पर लगाम के लिए कुछ निर्देश दे सकता है। अप्रैल महीने में दक्षिण दिल्ली के शाहीन बाग में 15 दिसंबर से नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर के विरोध में चल रहे प्रदर्शन को सुरक्षा बलों ने हटा दिया ता। इस दौरान पुलिस ने वहां लगे टेंट को भी लेकर हटा दिया गया था। इसके बाद शाहीन बाग इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई था। फिर धीरे–धीरे यहां पर हालात सामान्य हो गए।

वहीं, हौजरानी इलाके में बी पुलिस ने शांतिपूर्वक प्रदर्शनकारियों को हटाया, यहां पर न तो किसी को हिरासत में लिया गया और न ही कोई गिरफ्तार ही हुआ था।



*दिल्ली पुलिस को शाहीन बाग इलाके को खाली कराने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।* —**सुप्रीम कोर्ट**

### शाहीन बाग पर सुप्रीम फैसला

बुधवार को शाहीन बाग में प्रदर्शन के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने बड़े और फैसले में कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धरना प्रदर्शन करना किसी भी लिहाज से सही नहीं है। इससे आम जनता के अधिकारों का हनन होता है। कोर्ट ने कहा है कि कोई भी प्रदर्शनकारी समूह या व्यक्ति सिर्फ विरोध प्रदर्शनों के बहाने सार्वजनिक स्थानों पर अवरोध पैदा नहीं कर सकता है और सार्वजनिक स्थल को रोक नहीं सकता है।

### प्रदर्शन के कारण रोजाना लाखों लोगों को हुई दिक्कत

दिल्ली के कुल 7 इलाकों में चल रहे प्रदर्शन के चलते लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कत आ रही थी। अकेले शाहीन बाग में चल रहे प्रदर्शन के कारण रोजाना लाखों लोगों को दिक्कत आ रही थी। यहां तक कि लोगों की दुकानें आदि नहीं खुलने से करोड़ों रुपये का रोजगार तक ठप हो चुका था। नोएडा–गाजियाबाद से फरीदाबाद और गुरुग्राम जाना भी मुश्किल हो गया था। गौरतलब है कि एनआरसी–CAA के विरोध–समर्थन को विवाद बढ़ने के बाद उत्तर पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में 24–25 फरवरी को हिंसा भी हुई, जिसमें 53 लोगों की जान तक जा चुकी है।

# पीएएफआई पर हाथरस कांड को लेकर षडयंत्र का दावा

## ईडी का दावा यूपी में दंगा भड़काने के लिए मॉरिशस से की गई फंडिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। हाथरस कांड पर उत्तर प्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ एक बार फिर से षडयंत्रकारियों पर जमकर बरसे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में साजिश को सफल नहीं होने देंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष हाथरस के मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। एक बड़ी साजिश रची जा रही थी। साजिश लिए विदेश से फंडिंग की गई।

उत्तर प्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार विकास के काम में लगी हुई है, तो वहीं ये लोग षड्यंत्र करने का काम कर रहे हैं। कोरोना से जंग के दौरान इनमें से एक भी चेहरा जनता के बीच नहीं था।

**हितकारी योजनाएं अच्छी नहीं लगती इसलिए कर रहे षडयंत्र** योगी ने कहा कि इन लोगों को हितकारी योजनाएं अच्छी नहीं लगती हैं। विकास को लेकर सरकार पर सवाल नहीं उठा सकते इसलिए ही इस तरह का षड्यंत्र रच रहे हैं। अब इन नमूनों की पोल खुल रही है। इनके षड्यंत्र जनता के सामने आ रहे हैं। यूपी सीएम ने कहा कि कुछ लोग समाज में विद्वेष पैदा करके विकास को रोकना चाहते हैं।

**हाथरस की बिटिया का परिवार** खौफजदा, छोड़ना चाहता है गांव हाथरस कांड को लेकर रोजाना नए घटनाक्रम के बीच पीड़िता के परिवार का बड़ा बयान सामने आया है। गैंगरेप पीड़िता के परिवार ने कहा है कि वह गांव छोड़ना चाहते हैं। उनकी माने तो आरोपी पक्ष की पंचायतों के चलते वो लोग डरे हुए हैं। उनका कहना है कि हम पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और धमकियां भी मिल रही हैं। इस बीच, बिटिया के घर–गांव की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही हर आने जाने वाले की पड़ताल के लिए मेटल डिटेक्टर भी लगाया है। घर के बाहर पुलिस का पहरा है।

### दंगा भड़काने के लिए मॉरिशस से आए 50 करोड़?

पुलिस और प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने पीएफआई के उत्तर प्रदेश में सक्रिय रहे कई सदस्यों और कुछ अन्य संगठनों से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई है। बताया जा रहा है कि ईडी की शुरुआती जांच में सामने आया है कि पीएफआइ से संबंधित बैंक खातों में मॉरिशस से 50 करोड़ रुपये आए थे, जबकि पूरी फंडिंग 100 करोड़ रुपये से अधिक रुपये की थी। ईडी ने पुलिस से जांच में संदिग्धों से जुड़ी अन्य जानकारियां भी जुटा रही है।

# जेडीयू ने जारी की 115 उम्मीदवारों की सूची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। एनडीए में सीट बंटवारे के बाद बिहार में चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। पहले फेज के लिए 8 अक्टूबर को नामांकन की आखिरी तारीख है। वहीं, जेडीयू ने उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी है। जेडीयू के खाते में 115 सीट आए हैं। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने सभी उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस मौके पर उन्होंने नीतीश सरकार के कामों का बखान भी किया है।

जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने मीडिया से बात करते हुए नीतीश कुमार की उपलब्धियों को गिनाया है। उन्होंने कहा कि बिहार में अब गांव–गांव तक बिजली और सड़क पहुंच गई है। केंद्र की मोदी सरकार की योजनाएं गरीबों तक पहुंची है। वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि हम चुनाव गठबंधन के साथ लड़ रहे हैं। हम भारी मतों से जितेंगे। हम सेवा भाव को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। जेडीयू के प्रधान महासचिव आरसीपी सिंह ने कहा कि हमने ने जो 115 उम्मीदवारों की सूची तैयार की है, उसमें सभी वर्ग और समाज के लोगों को जगह दी गई है। इस बार हमारे नेता ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया है। महिलाओं की काफी भागीदारी है। यह पूरी सोच हमारे नेता के समावेशी सोच का नतीजा है।

**चिराग पर कोई बात नहीं:** वहीं, जेडीयू के प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेताओं ने मीडिया से कोई बात नहीं की है। वह सिर्फ अपनी बात रख कर प्रेस कॉन्फ्रेंस को खत्म कर दिया। इस दौरान सिर्फ उम्मीदवारों की सूची ही जारी की गई है।

### चुनावी मुकाबला



■आरसीपी सिंह ने कहा, सभी वर्ग के लोगों की है इसमें भागीदारी


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# चीन का 1959 वाला दावा खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने चीन के वास्तविक नियंत्रण रेखा के दावे को सिरे खारिज कर दिया था। भारत ने चीन को दो–टूक कहा था कि चीन ने अक्साई चिन और शक्सगाम घाटी में कब्जा कर रखा है। बता दे कि लद्दाख सीमा के करीब दोनों देशों के बीच 5 महीने से ज्यादा वक्त से तनातनी चल रही है। भारत ने पैंगोंग शो झील और फिंगर 4 के अहम इलाकों में अपनी पैठ मबजूत कर ली है।

चीन के दावे को खारिज करने के बाद अब भारत 12 अक्टूबर को प्रस्तावित 7वें मिलिटरी कमांडर बैठक को लेकर ड्रैगन के जवाब का इंतजार कर रहा है। बता दें कि सैन्य स्तर की 6 बातचीत में अभी तक विवाद का कोई हल नहीं निकला है और दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

### लद्दाख में ड्रैगन की हर नापाक चाल पर भारत की नजर

रिपोर्ट के अनुसार भारत ने एलएसी पर चीन के 1959 वाले दावे पर भारत–चीन सीमा मामले पर वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसलटेशन ऐंड कोऑर्डिनेशन की 19वें दौर की बैठक से पहले चीन के दावे को खारिज कर दिया था।